वोटर स्लिप PDF का ऑर्डर — पूरी विधि (SOP)

पंचायतीराज आम चुनाव 2026 · पंच, सरपंच, पंचायत समिति सदस्य, ज़िला परिषद सदस्य · मोबाइल व कंप्यूटर दोनों पर

1 ऑर्डर पेज खोलिए

1. **saubhagya.net** खोलिए → ऑर्डर वाला हिस्सा। मोबाइल पर यह अपने-आप पूरी स्क्रीन पर खुलता है; फ़ोन का **Back** दबाने पर वापस सामान्य पेज।
2. सबसे ऊपर चुनिए — **वोटर स्लिप PDF** (छपाई के लिए), **डेटा** (अपने सॉफ़्टवेयर के लिए), **सॉफ़्टवेयर (EXE)** या **मुफ़्त नमूना**।

2 क्षेत्र चुनिए

1. **ज़िला** → **पंचायत समिति** → **ग्राम पंचायत** चुनिए।
2. **पद** चुनिए — पंच (एक वार्ड), सरपंच (पूरी ग्राम पंचायत), पं.स. सदस्य या ज़ि.प. सदस्य (अपना निर्वाचन क्षेत्र)।
3. मतदाताओं की संख्या और राशि वहीं दिख जाती है। एक से ज़्यादा क्षेत्र हों तो **"➕ यह क्षेत्र जोड़िए, फिर दूसरा चुनिए"** से एक ही ऑर्डर में जोड़ लीजिए।

3 डिज़ाइन चुनिए

सीरीज़	क्या छपता है	आपसे क्या चाहिए
P · सादी	सिर्फ़ मतदाता की जानकारी — सबसे सस्ती	कुछ नहीं
S · चिन्ह	प्रत्याशी का नाम, चुनाव चिन्ह और क्रम संख्या बगल की पट्टी में	नाम (हिंदी), चिन्ह, क्रम संख्या — या पट्टी के नाप की छोटी तस्वीर
A · विज्ञापन	हर पर्ची के साथ प्रत्याशी का विज्ञापन (बैनर)	**सही नाप की बैनर तस्वीर ज़रूरी**
Ph · फ़ोटो	मतदाता की फ़ोटो सहित	—

क्रम संख्या: पंच व सरपंच का चुनाव **मतपत्र (बैलेट)** से है — पर्ची पर **"बैलेट क्रम सं."** छपता है। पं.स. व ज़ि.प. सदस्य का चुनाव **EVM** से है — वहाँ **"EVM क्रम सं."** छपता है।

4 प्रत्याशी की जानकारी / बैनर

- **S-सीरीज़:** नाम हिंदी में लिखिए, चिन्ह सूची से चुनिए (हिंदी या English में खोज सकते हैं), क्रम संख्या लिखिए। नाम / क्रम अभी पता न हो तो ✔ लगाकर बाद में जोड़ सकते हैं।
- **A-सीरीज़:** डिज़ाइन चुनते ही बैनर का सही नाप (mm व पिक्सेल) दिखता है — **"नाप कॉपी करें"** दबाकर अपने डिज़ाइनर को भेज दीजिए। उसी नाप की JPG/PNG लगाइए।

A-सीरीज़ में बैनर लगाए बिना, या ग़लत नाप की तस्वीर पर ऑर्डर आगे नहीं बढ़ता — "आगे" बटन के पास लाल चेतावनी में कारण लिखा आता है। तस्वीर सही कीजिए, या विज्ञापन की जगह का % बदलिए / दूसरा डिज़ाइन चुनिए।

5 अपनी जानकारी और ऑर्डर भेजना

1. अपना **WhatsApp नंबर** (10 अंक), नाम और चाहें तो GST लिखिए। इसी नंबर पर फ़ाइलें और याद-दिहानी आएगी — नंबर ध्यान से लिखिए।
2. आख़िरी पेज पर **मतदान दिनांक** (लाल खाना) जाँचिए — यही पर्ची पर छपेगी — फिर ✔ लगाकर **ऑर्डर भेजिए**।

ऑर्डर नंबर और पासवर्ड सुरक्षित रखिए। ऑर्डर जाते ही दोनों दिखते हैं — **"📋 दोनों कॉपी करें"** दबाइए। बाद में **"⬇ अपना ऑर्डर डाउनलोड करें"** खोलकर किसी भी खाने में एक बार **Paste** कीजिए — ऑर्डर नंबर और पासवर्ड दोनों अपनी-अपनी जगह भर जाते हैं।

6 भुगतान और डाउनलोड

1. फ़ाइलें तैयार होते ही उसी पेज पर **भुगतान का QR** आता है (WhatsApp पर भी)। QR स्कैन कीजिए — **राशि पहले से भरी रहती है, ठीक वही राशि भेजिए** (पैसे तक)। या **"📱 PhonePe / कोई भी UPI ऐप / कार्ड से भुगतान"** बटन दबाकर भी कर सकते हैं।
2. भुगतान मिलते ही डाउनलोड के लिंक खुल जाते हैं और फ़ाइलें WhatsApp पर भी भेजी जाती हैं। **डाउनलोड लिंक 24 घंटे चलते हैं** — फ़ाइलें तुरंत अपने फ़ोन/कंप्यूटर में सहेज लीजिए।

⏳ **समय-सीमा:** फ़ाइलें तैयार होने के **1 घंटे** बाद भी भुगतान न हो तो WhatsApp पर याद-दिहानी आती है। **24 घंटे में भुगतान नहीं हुआ तो ऑर्डर अपने-आप रद्द** हो जाता है — फिर नया ऑर्डर करना होगा। रद्द होने के बाद पैसा भेज दिया हो तो WhatsApp पर बताइए, लौटा दिया जाएगा।

7 छपाई (प्रिंट)

- काग़ज़ **A4**; प्रिंट में **Actual size / 100%** चुनिए — "Fit to page" नहीं, वरना पर्ची का नाप बदल जाएगा।
- पहले **एक पेज** छापकर नाप और कटिंग की लाइन जाँचिए, फिर पूरा छापिए। हर ऑर्डर में स्लिप के साथ वर्णमाला क्रम सूचियाँ और परिवार-वार सूची भी मिलती है।